हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मार्च 2024

12 कलेक्टोरेट के समीप पहुंचा जंगली सूअर



10 गेल इंडिया प्रोजेक्ट: कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के ...





## खबर संक्षेप

### पूर्व जनपद सदस्य दिनेश्वर ने लगाई फांसी



**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र के ग्राम विनायकपुर निवासी पूर्व जनपद सदस्य व कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश्वर चन्द्राकर 55 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 21 मार्च की सुबह उसके बेटे ने पिता के शव को रस्सी के सहारे फांसी पर लटका हुआ देखा। उन्होंने परिवार के अन्य लोगों को सूचना दी, जिसके बाद अंडा थाने में सूचना दी गई। थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन में एएसआई दिनेश वर्मा ने घटनास्थल में जाकर शव का पंचनामा कर दुर्ग मरच्युरी भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजन को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है। अंडा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जपं कार्यालय पहुंचे कलेक्टर, कैंटीन का किया निरीक्षण



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अपने गुण्डरदेही प्रवास के दौरान जनपद पंचायत कार्यालय परिसर गुण्डरदेही में महिला समूह द्वारा संचालित कैंटिन एवं महिला कमाण्डो के कार्यालय का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### कलंगपुर में फाग गायन 24 को

**बालोद/कलंगपुर।** फाग समिति एवं कलंगपुर वासियों के तत्वावधान में 24 मार्च को एक दिवसीय फाग गायन व झांकी का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्य मोजीराम साहू एवं रोशन लाल साहू ने बताया कि इस अवसर पर दाई के अछरा फाग परिवार, श्री कृष्णा जस फाग व रामधुनी मंडली, सांवरिया फाग परिवार की प्रस्तुति रखी गई है।

### पसौद में फाग गीत सम्मेलन 26 व 27 को

**लाटाबोड़।** श्री कृष्ण फाग सम्मेलन समिति एवं समस्त ग्रामवासी पसौद क्रे तत्वावधान में 26 एवं 27 मार्च को फाग गीत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समिति क्रे संचालक हरिराम साहू अध्यक्ष ढालसिंह गौतम सचिव सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि प्रथम दिवस तीन मंडलियां भाग लेंगी। दूसरे दिन 5 मंडलियां प्रदर्शन करेंगी।

# आचार संहिता के बीच मनाई जाएगी होली, सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा के साथ ही जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही प्रशासन चुनाव की तैयारियों में जुटा हुआ है। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए धारा 144 भी लागू कर दी गई है। वहीं, आगामी 24 मार्च को होलिका दहन तथा 25 को रंग पर्व को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं, लोगों से भी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील प्रशासन द्वारा की जा रही है। इसके साथ ही अमन पसंद लोगों को पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए उनके साथ है, यह विश्वास दिलाने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इस बीच जहां लोगों से शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई, वहीं असामाजिक तत्वों को हिदायत भी दी गई, कि कहीं कुछ गड़बड़ी करने की कोशिश भी की, तो इसका परिणाम भयंकर होगा।

**वाहनों की औचक जांच :** कांबिंग गस्त के दौरान बस स्टैंड के पास सरप्राईज वाहन जांच की गई। इस दौरान गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध वाहन, व्यक्तियों की जांच की गई। इस अवसर पर चित्रा वर्मा के अलावा दल्लीराजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ,डौंडी थाना प्रभारी मुकेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी अधिकारी कर्मचारी शामिल थे।

### दल्लीराजहरा नगर में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

- लोगों से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की
- असामाजिक तत्वों को दी गई चेतावनी



### शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

शहर में निकाले गए फ्लैग मार्च के दौरान दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने कहा कि आगामी होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से आपसे प्रेम और सद्भाव से मनाएं। इसके साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसका शांतिपूर्ण ढंग से पालन करें। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में यह फ्लैग मार्च और भी निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन कराने, शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न कराने एवं गुंडा बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि में दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा शहर में कांबिंग गस्त की जाती रहेगी।

### उपसंचालक कृषि ने फसल क्षतिपूर्ति के संबंध में किसानों के लिए जारी किया दिशा निर्देश

# कृषि व राजस्व विभाग के साथ बीमा कंपनी और बैंक को देनी होगी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मंगलवार की देर रात हुई झमाझम बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों को नुकसान पहुंचने सहित फसल क्षतिपूर्ति के मामले को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया, जिसके बाद गुरुवार को उपसंचालक कृषि विभाग ने किसानों को फसल नुकसान के संबंध में बीमा कंपनी को सूचित करने को कहा है। इसके साथ ही इस संबंध में दिशानिर्देश दिए हैं।

उपसंचालक कृषि विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिले में ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई है। यदि प्रभावित बीमित इकाई में 25 प्रतिशत से ज्यादा हानि होती है, तो जिला स्तरीय संयुक्त समिति द्वारा सेम्पल जांच कर क्षतिपूर्ति का निर्धारण किया जाएगा। इस इकाई में सभी बीमित पात्र कृषकों को क्षतिपूर्ति देय होगी। कृषक इसकी सूचना संबंधित क्रियान्वयक बीमा कंपनी के सीधे टोल फी नंबर जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमि 18002660700 पर या लिखित रूप से स्थानीय कृषि, राजस्व अधिकारियों संबंधित बैंक अथवा जिला कृषि, राजस्व पदाधिकारी को लिखित रूप से निर्धारित समय सीमा 72 घंटे के भीतर बीमित फसल के ब्यौरा, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करेंगे।

### कहा- 72 घंटे के भीतर संबंधित विभाग बैंक व बीमा कंपनी को करें सूचित

खबर का असर


बेमौसम बारिश : मंगलवार देर रात जिले के अधिकांश स्थानों पर हुई जोरदार वर्षा
जिलेभर में झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि
फसल नुकसान को लेकर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के भीतर कर सकते हैं शिकायत
लोगों को गर्मी से मिली राहत, कुछ किसान मायूस, कुछ खुश
जिले में 21.6 मिमी वर्षा, सबसे अधिक गुण्डरदेही में 29.4 मिमी
धान की फसल को फायदा

### किसानों की सहायता के लिए टोलफ्री नंबर भी जारी

कृषकों द्वारा फसल क्षति की जानकारी स्थानीय बैंक, वित्तीय संस्था, राजस्व विभाग, कृषि विभाग को दिये जाने के उपरांत 48 घंटे के भीतर क्षतिग्रस्त बीमित फसल के ब्यौरा तथा क्षति का कारण सहित जानकारी क्रियान्वयक बीमा कंपनी को सूचित किया जाएगा। योजनान्तर्गत स्थानीय आपदा जैसे बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि ईत्यादि से हुई फसल क्षति की जानकारी शिकायत कृषक सीधे जीओआई टोल फ्री नंबर कृषि रक्षक पोर्टल हेल्प लाईन 14447 पर कॉल कर शिकायत निवारण पोर्टल में दर्ज कर सकते हैं।

# चुनाव की तैयारियों के बीच पुलिस के हत्थे चढ़े 5 वारंटी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- पुलिस ने शहर में कांबिंग गशत

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने बालोद पुलिस ने शहर में कांबिंग गस्त की। एसडीओपी बालोद के नेतृत्व में थाना बालोद ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। कांबिंग गस्त के दौरान 4 गिरफ्तारी वारंट और एक स्थाई वारंटी पकड़ाए।

गस्त के दौरान गुण्डा बदमाश वशिष्ठ साहू उर्फ लोटिया पठान 47 पौवा देशी शराब अवैध शराब परिवहन करते पकड़ाया। इसके खिलाफ पृथक से आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने, शांतिपूर्ण तरीके से होली संपन्न कराने एवं गुंडा बदमासो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में संपूर्ण शहर में कांबिंग गस्त की गई, कांबिंग गस्त के दौरान बस स्टैंड के पास सरप्राईज वाहन चेकिंग किया, जिसमे 8 वाहनों के विरुद्ध यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर कुल जुमला 2400 रुपए का समंश शुल्क वसूल की गई, जिसके बाद दल्ली चौक, गंज पारा, खाले पारा, जवाहर पारा, पाण्डेय पारा, बुधवारी बाजार, संजय नगर, रेलवे स्टेशन, पाररास में कांबिंग गस्त की गई।

इस दौरान गुंडा बदमाश निगरानी बदमास, संदिग्ध वाहन, व्यक्तियों की चेकिंग अभियान के तहत किया गया। इस कांबिंग गस्त के दौरान 4 गिरफ्तारी वारंट, 1 स्थाई वारंटी तामील की गई।

# सड़क निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग, जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- लोगों की सूचना पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई

जिले में झलमला से शेरपार तक नेशनल हाईवे 930 का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में ठेकेदार द्वारा साइड सोल्डर में लगी छड़ को काटने के लिए लाल टंकी वाले गैस सिलेंडर का उपयोग गैस कटर के रूप में किया जा रहा था। इसकी सूचना पर खाद्य विभाग की टीम ने दबिश देकरकार्रवाई की।

जिले में अधिकांश बड़े होटल संचालकों से लेकर छोटे दुकानदार घरेलू गैस टंकी का उपयोग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ गुमटी व ठेला संचालकों द्वारा उज्जवला योजना के तहत मिले सब्सीडी वाले सिलेण्डरों का उपयोग किया जा रहा है, जिसकी सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। जबकि उज्जवला योजना के तहत मिली गैस टंकी घरेलू ईंधन के रूप में महिलाओं को धुएं से राहत दिलाने के लिए शासन द्वारा दी जा रही है।

वहीं, व्यावसायिक स्तर उपयोग करने के लिए नीले कलर की गैस टंकी उपलब्ध है, लेकिन प्रशासन द्वारा ऐसे होटल संचालकों पर लगाम लगाने के लिए प्रभावशाली कार्रवाई नहीं की जा रही है।





### घरेलू गैस टंकी जब्त

सूचना मिलने के पश्चात मौके पर टीम भेजकर घरेलू गैस टंकी जब्त की गई। वहीं, संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर आगे कार्यवाही की जा रही है।
**-टीआर ठाकुर,** अधिकारी, खाद्य विभाग

### घरेलू गैस का दुरूपयोग

खाद्य विभाग द्वारा दुकानों में उपयोग करने के लिए कमर्शियल नीले रंग की टंकी उपलब्ध कराई जाती है, जिसका उपयोग होटल संचालकों या ठेकेदारों द्वारा किया जाना चाहिए, लेकिन लाल टंकी वाले घरेलू गैस का उपयोग होटल संचालकों या अन्य दुकानदारों द्वारा किया जाता है, जो खाद्य विभाग के नियमों के विरुद्ध है। वहीं, गुरुवार को नेशनल हाइवे निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा साइड सोल्डर में लगी छड़ को काटने के लिए लाल टंकी में भरे गैस का उपयोग गैस कटर के रूप में छड़ को काटने के लिए किया जा रहा था। इसकी सूचना पर खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुँच कार्रवाई की।

# गायों को हांकते ले जा रहे थे नाबालिग लोगों ने रूकने कहा तो छोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- अब तस्कर वाहन की जगह पैदल ले जा रहे मवेशी

जिले में लंबे समय से जारी गौ तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। अब इस कार्य में गौ तस्कारों द्वारा नाबालिग बच्चों को भी संलिप्त किया जा रहा है। क्षेत्र के गौ रक्षक दल और गौ सेवकों की मुट्ठी भर संख्या होने के बाद भी जान जोखिम में डाल कर गौ रक्षा का कार्य अपने स्तर पर जारी है और तो वहीं अब गो तस्करी में संलग्न कोचिए मवेशी बाजार के बहाने बड़े तस्करों तक गाय पहुंचाते हैं व चाल बदल बदलकर कर रहे हैं।

पहले वाहन से ढुलाई होती थी, धर पकड़ होने पर दबाव बढ़ता देख पैदल परिवहन, फर्जी बैला रसीद बनवा कर की जाने लगी है, यदि प्रशासन कड़ाई से जांच करे तो पोल खुलने में देरी नई होगी, नाड़ी वैद्य पुरूषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि आज इसी तरह पैरी मायनर के रास्ते 13 और 15 साल के दो बच्चों के हाथों से तीन गौ माता को बाजार के लिए पैदल परिवहन कराया जा रहा था कि गौ माता के सेवक नाड़ी विशेषज्ञ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत की नजर पड़ी। उन्होंने जब उन बच्चों को रोका तो दोनों बच्चे रुकने के बजाय खेत के रास्ते गायों को छोड़ भाग गए। फिर राजपूत द्वारा गौ माता को अपने संरक्षण में लेकर चारा पानी की व्यवस्था कर उनमें से दो गाय जो बीमार थी, जिनका चिकित्सक बुलाकर इलाज करवा कर निजी वाहन से परिवहन की व्यवस्था कर निजी गौशाला में भिजवाई गई। गायों की चिकित्सा में पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर विकास श्रीवास्तव का मार्गदर्शन रहा और चिकित्सा गौ सेवक मुकेश साहू ने किया। निजी गौशाला में भिजवाने के लिए परिवहन की सेवा चेतन साहू बोड़की ने प्रदान किया। विशेष सहयोग में विधि संकाय में अध्ययनरत छात्र गौ सेवक डेमन यादव का रहा।



### नशे में वाहन चलाया, लाइसेंस होगा सस्पेंड

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस की हाइवे पेट्रोलिंग ने नशे में चूर होकर वाहन चला रहे चालक को नेहरु नगर गुरुद्वारा से पीछा करते हुए खुर्सीपार चौक के पास पकड़ा गया। नेशनल हाइवे पर बड़ा हादसा टल गया। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि ट्रक आरजे 11 जीबी 0329 के चालक निवासी फिरोजाबाद लवकुश ने शराब के नशे में चला रहा था। इस दौरान नशे की हालत मे चालक ने एक कार को ठोकर मारकर फरार होने का प्रयास कर रहा था। जिसे चौक में ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक धनश्याम दुबे और आरक्षक विनोद द्वारा रोकने के बाद भी फरार हो गया। तुरंत सहायक उप निरीक्षक राजकुमार दुबे ने हाईवे पेट्रोलिंग 2 को सेट पर पाइंट दिया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

### सड़क पर उतरी नगर पालिका व गौरक्षकों की टीम

# मवेशियों को सड़कों से हटाने शुरू हुआ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला मुख्यालय की सड़कों पर विचरण करने और बैठे घुमंतू गाय को सड़क से खदेड़ कर गौठान तक ले जाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने अभियान शुरू किया है। इस अभियान में गौरक्षकों की टीम भी शामिल हैं।

नगर पालिका प्रशासन और गौरक्षक की संयुक्त टीम इन दिनों शहर के व्यस्तम मार्गों पर बैठी गायों को उठाकर वाहन के माध्यम से उन्हें तांदुला जलाशय किनारे बनाए गए गौठान में ले जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय के विभिन्न व्यस्तम मार्गों पर घुमंतू गाय सड़क के बीचों बीच बैठी रहती हैं। वहीं, सड़क किनारे खड़ी बाइक की डिग्गियों से खाद्य सामग्री चट कर जाती हैं। ऐसे में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गायों का झुंड सड़क पर बैठे होने से कई बार हादसे हो चुके हैं, जिसमें कई गायों की मौत के साथ ही बाइक सवार लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।





### हरिभूमि ने दिलाया शासन-प्रशासन का ध्यान

ज्ञात हो कि गायों के सड़क पर बैठने से होने वाली समस्याओं को लेकर हरिभूमि द्वारा लगातार खबर का प्रमुखता से प्रकाशन किया गया। इससे शासन प्रशासन ने इस ओर ध्यान दिया। हाल ही में नगर पालिका प्रशासन के स्वच्छता निरीक्षक पूर्णानंद आर्य के नेतृत्व में पालिका और गौरक्षक की टीम प्रतिदिन देर शाम सड़कों पर बैठे मवेशियों को खदेड़ कर गाड़ी से गौठान ले जा रही है।

संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग
रायपुर-भिलाई के वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ अब राजनांदगांव में भी उपलब्ध
डॉ. नवीन कुमार जैन
BDS, MDS, FHN, FICO
(Oral Oncologist)
OPD : 23 मार्च 2024, शनिवार, समय दोप. 1 से 2 बजे
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### नवजात का शव मिला

**भिलाई।** नवजात शिशु का शव खंडहर मकान के गली में मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरु कर दिया है। रानीतराई पुलिस ने बताया कि ग्राम दरबार मोखली में पीला बाई साहू के खंडहर मकान की गली में अज्ञात मृत नवजात शिशु का शव पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और नवजात शिशु (स्त्री) का शव का पंचनामा कर उसे मेड़िकल के लिए भेज दिया। नवजात शिशु का शव एक दो दिन पुराना होना बताया गया है। शिशु के शव में फफोला आ गया है, किसी अज्ञात आरोपी द्वारा नवजात शिशु के जन्म को छुपाने के लिए मृत नवजात शिशु के शव को फेंक कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### सिविक सेंटर में नये सबस्टेशन की स्थापना

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित टाउन इंजीनियरिंग इले्ट्रिकल डिपार्टमेंट (टीईईडी) के एचटी और एलटी समूह ने मिलकर न्यू सिविक सेंटर में नया 315 केवीए के सबस्टेशन स्थापित किया है। 500 केवीए के सबस्टेशन में 100 प्रतिशत लोड के कारण अक्सर ब्रेकडाउन और केबल बर्नआउट का खतरा लगा रहता था। इन परिस्थितियों को देखते हुए आंतरिक संसाधनों के माध्यम ये इस नये सबस्टेषन की स्थापना की गई है।
नए सबस्टेशन को बनाने और कमिषनिंग का कार्य 3 महीने में पूरा हुआ। इस कार्य में पूरा करने में सहायक प्रबंधक जे पी पांडे व रणबीर पुन्न, वरिष्ठ प्रबंधक पी एस सिदार व दिनेश वर्मा, उप प्रबंधक नंद किशोर, चार्जमेन कम मास्टर टेक्नीशियन ईवी सुनील, सीनियर टेक्नीशियन बीएस ठाकुर, मोहम्मद मुस्ताक्विन व सुब्रमणि तथा ठेका श्रमिक शामिल थे।

### कलेक्टर ने एचएम कश्यप को किया सस्पेंड

**दुर्ग।** दुर्ग कलेक्टर आईएएस ऋचा प्रकाश चौधरी इन दिनों एक्शन मोड पर हैं। उनके द्वारा लगातार स्कूलों में सरप्राइज विजिट दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को कलेक्टर ऋचा धमधा ब्लॉक के शासकीय प्राइमरी स्कूल तुमाकला पहुंची थीं। इस दौरान स्कूल के हेड मास्टर स्कूल में मौजूद नहीं थे। मिली जानकारी के अनुसार बिना अवकाश के आवेदन दिए स्कूल से एचएम योगेश्वर कश्यप गायब थे। उनके द्वारा उच्च अधिकारियों को भी छुट्टी की सूचना नहीं दी गई थी। दुर्ग कलेक्टोरेट पहुंचते ही कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्ग के नए डीईओ को निर्देश दिए जिसके बाद डीईओ अरविंद मिश्रा ने एचएम योगेश्वर कश्यप का सस्पेंशन ऑर्डर जारी कर दिया है।

### रिटायर बीएसपी कर्मियों को दी विदाई

**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक समारोह में फरवरी 2024 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इन रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# केवल टीम वर्क और निष्पादन से ही मिलेगी सफलता

## बीएसपी के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक यूके झा ने अनुभव किए साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक और टाउनशिप प्रमुख यूके झा ने कहा है कि बीएसपी कार्मिक व अधिकारी केवल टीम वर्क और अनुबंधों के प्रभावी निर्धारण और निष्पादन के माध्यम सै ही सफल हो सकते हैं। रियल एस्टेट बीएसपी की बहुमूल्य संपत्ति लेकिन, इसे बचाना जरुरी है। लेकिन एक बार अतिक्रमण हो जाने के बाद भूमि अधिग्रहण करना और भूमि और परिसर को वापस लेना कठिन कार्य है।1985 में भिलाई इस्पात संयंत्र में शामिल होने के बाद 2022 में बीएसपी से मुख्य महाप्रबंधक के पद में नगर सेवा विभाग से सेवानिवृत्त हुए अपनी 37 वर्षों के सेवाकाल में श्री झा ने कई चुनौतियों का मुकाबला करते हुए बीएसपी में महती योगदान दिया।



वे कहते हैं कि सीईडी और नगर सेवा विभाग के प्रमुख के रूप में अपनी पिछले 10 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने टीम वर्क को देखा है। आपको सिर्फ टीम को प्रेरित रखना होता है, यही एक टीम लीडर का काम है। 1985 में, बीएसपी में लगभग 65,000 कर्मचारी थे और टाउन सर्विसेज में5000 कर्मचारी थे। उस समय अधिकांश कार्य विभागीय जनशक्ति के माध्यम से किये जाते थे तथा बहुत कम ठेके संचालित किये जाते थे। कर्मचारियों की संख्या अब घटकर 15,000 रह गई है। अधिकांश विभागों में नियमित जनशक्ति बहुत कम है और अधिकांश कार्य अनुबंध के माध्यम से किये जाते हैं। निष्पादन को बेहतर बनाने पर उन्होंने बताया कि विभागीय कामकाज से कन्ट्रेक्चुअल कामकाज तक का परिवर्तनकाल सुचारू नहीं रहा है। अनुबंध तैयार करने और उसके क्रियान्वयन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

श्री झा कहते हैं कि अनुबंधों के बारे में एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु, अनुबंधों के माध्यम से चयनित जनशक्ति की उचित गुणवत्ता के संदर्भ में है। यह देखते हुए कि संयंत्र में अधिकांश महत्वपूर्ण उपकरणों का संचालन और रखरखाव अनुबंध के माध्यम से किया जाता है, उपयुक्त, कुशल और अनुभवी जनशक्ति के चयन बहुत आवश्यक है। यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब अनुबंध के माध्यम से उपयुक्त व कुशल जनशक्ति का चयन किया जाए और उन्हें श्रम कानूनों के अनुसार उचित वेतन और सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी अनुबंधों के माध्यम से लंबे समय तक कार्य किया जा सकता है।

### बकाया की समस्या पर ध्यान जरुरी

अनुकूल व्यवहार के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग पर पूर्व सीजीएम यूके झा ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग से वांछित मानव व्यवहार सुनिश्चित करना संभव है। उपस्थिति दर्ज करने के लिए बायोमेट्रिक्स की स्थापना एक ऐसा ही उदाहरण है। टाउन सर्विसेज में बकाया राशि को प्राप्त करना भी एक ऐसी समस्या जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। टाउन सर्विसेज में राजस्व संग्रहण में प्रौद्योगिकी और स्वचालन के उपयोग से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। तीसरे पक्ष के आधार पर आवंटित क्वार्टरों के लिए स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर की स्थापना भी एक ऐसी ही पहल हो सकती है।

## गैस पाइपलाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति ने कहा, आंदोलन की जीत

# गेल इंडिया प्रोजेक्टः कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। जिले के कई गांवों से गुजरने वाली मुंबई, नागपुर झारसागुड़ा गैस पाइप लाइन के प्रभावित किसानों के पुरजोर विरोध के बाद निर्मात्री कंपनी द्वारा कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु किया गया आवेदन एसडीएम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इससे ग्रामीणों को राहत मिली है। किसानों ने इसे अपने आंदोलन की जीत बताया है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा ग्राम नवागांव प.ह.न.6 तहसील बोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 1269/2 रकबा 0.3040 हेक्टेयर भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय में किया गया था। आवेदन राजस्व विभाग में विचाराधीन था। उसके बावजूद बिना डायवर्सन अनुमति के गेल (इंडिया) द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसका विरोध ग्रामीणों द्वारा शुरू से किया जा रहा है। संदर्भित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाने किसानों ने 31 जनवरी को एसडीएम कार्यालय धमधा में विरोध जताया था। गैस पाइप लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति व छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा समिति ने संभागायुक्त दुर्ग को ज्ञापने देकर पीड़ित किसानों को इंसाफ दिलाने की मांग की मांग की थी। गैस पाइपलाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति ने दावा आपत्ति दर्ज कर गेल (इंडिया) के आवेदन को निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने की माँग की थी। इस प्रकरण की जाँच के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग को भेजा गया था। किसान नेता संदीप पटेल ने बताया कि अधीक्षक भू- अभिलेख दुर्ग से प्राप्त जाँच रिपोर्ट के आधार पर धमधा एसडीएम द्वारा कार्यवाही करते हुए गेल (इंडिया) के आवेदन को ख़ारिज किया है। कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत के बिना प्रस्ताव और एनओसी के आवेदन लगाया गया था। एसडीएम द्वारा कंपनी का आवेदन खारिज किया जाना हमारे आंदोलन की एक जीत है। आवेदन निरस्त करने के साथ नियमानुसार आगे की कार्यवाही करनी होगी। आदेश से स्पष्ट हो गया कि गेल (इंडिया) लिमिटेड नियमों को ताक में रखकर दुर्ग ज़िले में कार्य कर रही है। नवागांव के पूर्व सरपंच समारु देशलहरा ने एसडीएम द्वारा गेल इंडिया के आवेदन को खारिज किए जाने को किसानों के आंदोलन की बड़ी जीत बताया।

### कंपनी के आवेदन को एसडीएम के निरस्त करने से किसानों को राहत



### जांच रिपोर्ट का इंतजार

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्च समिति द्वारा भी दुर्ग संभाग आयुक्त को ज्ञापन दिया था। इसमें 15 दिन में जाँच कर और संयुक्त बैठक करने की मांग की गई थी। जाँच रिपोर्ट आने पर ऐसे कई उल्लंघन उजागर होने के आसार हैं। छमुमो के कलादास डहरिया ने कहा कि पंद्रह दिन पूरे होने वाले हैं। गैस पाइपलाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति जाँच रिपोर्ट का इंतज़ार कर रही है जिसके बाद संयुक्त बैठक दुर्ग संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में होगी, जिसमे हम गेल (इंडिया) द्वारा किए जा रहे किसान विरोधी कार्यों पर चर्चा करेंगे। गेल इंडिया द्वारा लगातार नियमों का उल्लंघन कर ग्रामीणों की जमीन पर स्टेशन बनाने के साथ गैस पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इससे होने वाले नुकसान से किसानों में असंतोष बढ़ रहा है।

### जिले के 21 गांव के किसान प्रभावित

गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा बिछाई जा रही गैस पाइप लाइन से दुर्ग जिला के 21 गांव के किसान प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों के मुताबिक कंपनी व ठेका एजेंसी द्वारा बिना मुआवजा दिए किसानों के खेतों व जमीन से जबरिया पाइप लाइन बिछाई जा रही है। किसान इसकी शिकायत कलेक्टर दुर्ग सहित एसडीएम आदि कई अधिकारियों से शिकायत के साथ धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं। किसान नेता मनोज वर्मा ने बताया कि अब कंपनी के कृषि भूमि के औद्योगिक प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन हेतु किया गया आवेदन एसडीएम द्वारा खारिज किए जाने से ग्रामीणों को थोड़ी राहत मिलेगी। लेकिन सभी गांवों के किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलवाने के संघर्ष जारी रहेगा।

## सेक्टर-6 सोसाइटी के सदस्यों की दुर्घटना बीमा राशि अब 7 के बजाए 10 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में सदस्यों के कल्याण एवं हित के लिए कुटुंब सहायक योजना एवं सामूहिक दुर्घटना बीमा की सुविधा का विस्तार किया गया है। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने बताया कि 14 मार्च 2024 से 13 मार्च 2025 तक प्रभावी इस सामूहिक दुर्घटना बीमा पॉलिसी में सभी तरह के दुर्घटना कवरेज शामिल है। गत वर्ष की पॉलिसी में दुर्घटना में निधन होने पर 7 लाख की राशि देय थी,जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संस्था में चार हजार सदस्य हैं और सामूहिक दुर्घटना बीमा की पॉलिसी का नवीनीकरण यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कराया गया है। इसके अंतर्गत दुर्घटना बीमा में सदस्य की दुर्घटना होने पर 5000 रुपए प्रति सप्ताह की राशि एवं सदस्य की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये एक मुश्त राशि बीमा कंपनी के द्वारा सदस्य के आश्रित/नॉमिनी को प्रदान किए जाने का प्रावधान है। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने बताया कि संस्था के अधिकांश सदस्यों द्वारा लंबे समय से आवर्ती जमा राशि (आरडी) में वृद्धि की मांग की जा रही थी। संचालक मंडल की 30 जनवरी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि जो सदस्य अपने वेतन से (आरडी) आवर्ती जमा की राशि में बढ़ोतरी करना चाहते हैं, वे इस हेतु संस्था कार्यालय में संपर्क कर आरडी की राशि में वृद्धि कर सकते हैं। दुर्घटना बीमा पॉलिसी के नवीनीकरण के दौरान अध्यक्ष मिश्र एवं संचालक मंडल के सदस्यों ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि देवब्रत चक्रवर्ती को प्रीमियम की राशि का चेक एवं सदस्यों की सूची प्रदान की। इस दौरान संचालक मंडल के सदस्य हरिराम यादव,धनंजय चतुर्वेदी, नीरजा शर्मा,केपी चंद्राकर तथा संस्था प्रबंधक एम मुरलीधर उपस्थित थे।

■ यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कराया नवीनीकरण

## वेलफेयर काउंसिल गोंड़ समाज का मिलन समारोह, बालिका शिक्षा पर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वेलफेयर कॉउन्सिल ऑफ गोंड समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन, वार्षिक आम सभा व पारिवारिक मिलन समारोह अंबेडकर भवन सेक्टर 6 में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में महिलाओं को संगठित करने महिला मंडल का गठन किया गया। गोटुल इण्डिया द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से मोटिवेशन किया गया। पारिवारिक मिलन कार्यक्रम मेंविवाह योग्य युवक, युवतियों का माता, पिता के साथ परिचय करवाया गया। गीत संगीत के बाद बुद्धिजीवियों द्वारा मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। समाज के अध्यक्ष रघुबर गोंड जी ने बालिकाओं की शिक्षा पर बल देते हुए कहा की बालिकाएं जितनी ज्यादा शिक्षित होगी समाज उतना ही आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अजय साह केशनाथ, अभिषेक गोंड, सुधाकर गोंड कमलेश प्रसाद महासचिव श्री अविनाश गोंडवाना, सहायक सचिव श्री धनेश प्रसाद, सहायक सचिव श्री राजकुमार प्रसाद, संगठन सचिव श्री जलेश्वर साह, कोषाध्यक्ष श्री संतोष प्रसाद, सहायक कोषाध्यक्ष श्री दीपक साह आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

## पीएम मोदी भी ओबीसी मोर्चा से हैंः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आज यदि देश में विश्व में मोदी का गुणगान हों रहा है, तो ये एक-एक कार्यकर्ता की बदौलत है। जिनकी मेहनत का प्रतिफल है और आप सभी ने दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस के चार चार मंत्रियों के रहते हुए एतिहासिक मतों से जीत दर्ज कराई थी। उक्त बांते सांसद विजय बघेल ने कही।

■ विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में सभी समाज का किया स्वागत और जताया आभार

भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा का विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन मंगलवार को हुआ। विधायक कार्यालय साजा में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा रहे। अध्यक्षता ईश्वर साहू विधायक साजा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी ओबीसी मोर्चा से है और मैं भी ओबीसी मोर्चा से हूं। सबसे अधिक ओबीसी मोर्चा हैं। आप ने देखा है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने क्षेत्र को छोड़ कर दूसरे जगह से लड़ रहे हैं और भरें मंच पर उन्हीं के लोग उनके किए हुए करतुतो को बता रहे हैं। सभी समाज राजपूत, देवांगन, ठेठवार, ब्राह्मण, जैन, सिन्हा, विश्वकर्मा, कुर्मी, लोधी, साहू, सेन, यादव, सोनी, गौड़, सतनामी, मेहर, धोबी, ओड़िया, मुस्लिम, मरार, केवट, मानिकपुरी, कुम्हार, यादव सभी समाज के लोगों का स्वागत किया।



विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि हम को साजा विधानसभा से ऐतिहासिक जीत दिलाना है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाना है। साजा विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कराए थे सत्य और असत्य में सत्य की जीत हुई है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष, खिलावन साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, ओबीसी मोर्चा सुनीता हीरालाल साहू एवं दुर्ग संभाग प्रभारी होरी लाल सिन्हा, प्रदेश मंत्री दुर्ग संभाग सह प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा विशिष्ट अतिथि बल्लूराम साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष साजा पुन्नी यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष थान खम्हरिया राजेन्द्र सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष परपोडी रोहित सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

### अहेरी किसान बईठका में मौसम के कारण फसल को हुई क्षति के लिए बीमा लाभ और राहत की मांग



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा बुधवार को अहेरी में किसान बईठका आयोजित किया गया जिसमें शामिल किसानों ने आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और वर्षा के कारण चना गेहूं सहित उद्यानिकी फसलों को हुई क्षति के लिए शीघ्र सर्वे करने और बीमा लाभ प्रदान करने की मांग की गई किसानों ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत राहत राशि देने की मांग भी उठाई। किसान बईठका में किसान न्याय योजना की अंतिम किश्त की राशि न देने के लिए और पूर्व में सभी किसानों को मिलने वाली 9 हजार रुपए प्रति एकड़ की आदान राशि बंद करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार की आलोचना की गई और सरकार को धान न बेचने वाले अन्य सभी किसानों को भी प्रति एकड़ 19257/- राशि देने की मांग किया, किसान बईठका में खेती किसानी से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। किसान बईठका में अनिरुद्ध वर्मा,उमेदी पटेल, मनोज कुमार वर्मा, गोपीराम ठाकुर, सुखदेव ठाकुर, संत कुमार टिकरहा, राजेन्द्र मढ़रिया, कुंजलाल वर्मा, श्यामलाल ठाकुर, ज्ञानेश्वर यादव, ठाकुर राम साहू, वरूण साहू, तुकाराम साहू, अर्जुन साहू, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के कांतिलाल देशमुख, मेघराज मढरिया, उत्तम चंद्राकर और राजकुमार गुप्त आदि शामिल रहे।

## महतारी वंदन की तरह भराए धड़ा-धड़ आवेदन, नहीं पहुंचे निर्देश

# पीएम सूर्यघर की गाइडलॉइन का इंतजार, अब तक सैकड़ों अर्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की तरह चुनाव से पहले सर्वे कराकर लोगों से फार्म भराए गए है। लेकिन अब तक इस योजना का संचालन कौन करेगा या इसकी लागत कितनी होगी। जिले में कितने टारगेट है, ये सब सिर्फ चचाएं बनकर रह गई है। हितग्राही विभाग का चक्कर लगाकर थक गए है। लेकिन उन्हें वास्तविक जानकारी नही मिल पा रही है।

केन्द्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना लांच की गई थी। केन्द्र के केबीनेट द्वारा देशभर में एक करोड घर के लिए 75 हजार करोड रूपए सब्सिडी का प्रावधान किया गया था। आनन-फानन में चुनाव के पहले सर्वे भी कराया गया। यह सर्वे पोस्ट आफिस के पोस्ट मास्टरों द्वारा किया गया है। इसके आलावा सीएससी (कामन सर्विस सेंटर) द्वारा भी सर्वे कराया गया। साथ ही इस योजना के तहत पोर्टल में भी आनलाइन आवेदन लिए गए है।

अब तक जिले में 469 फार्म आ चुके है। लेकिन इस फार्म का आगे करना क्या है। इसे लेकर अधिकारियों में भी संशय की स्थिति निर्मित है। हांलाकि आवेदन लेने के बाद अधिकारी आचार संहिता का हवाला देकर बचते नजर आ रहे है।

### हितग्राहियों के छतों में लगने है सौर ऊर्जा प्लांट, सीएससी सेंटर में ले रहे आवेदन



### कौन सी कंपनी, कौन करेगा निगरानी पता नहीं?

इस योजना को लेकर अगल-अलग तीन से चार विभागों द्वारा सर्वे कराया गया है। लेकिन अब तक छग व जिले में कौन सी कंपनी इसका कार्य करेगी। किस विभाग को मानिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। इससे खुद क्रेडा विभाग के अधिकारी अनभिज्ञ है। क्रेडा विभाग से जुडी इस योजना में अब तक उन्हें ही गाइडलाइन नही दी गई है। जिसके चलते हितग्राही से ज्यादा अफसर हलाकान हैं।

### आनलाइन ले रहे पोर्टल में आवेदन

जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव के पहले पीएम सूर्यघर डाट जीओवी डाट इन के तहत पोर्टल भी जारी हो गया। जिसमें सीएससी सेंटर द्वारा आवेदन लिए गए। सीएससी सेंटर के कर्मचारियों द्वारा सर्वे भी कराया गया है। वही पोस्ट मास्टरों ने भी सर्वे किया है। अब तक इस योजना को लेकर बिजली विभाग, क्रेडा विभाग में तालमेल बैठता नही दिख रहा है। यही कारण है कि, हितग्राही भी संशय में है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन आज

**डौंडीलोहारा।** लोकसभा चुनाव के लिए डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ 22 मार्च को सुबह 9 बजे जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू तथा प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर करेंगे। डौंडी लोहारा विधानसभा के संयोजक राजेश दसोड़े ने बताया कि लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार को गति प्रदान करने के लिए भाजपा संगठन के विधानसभा स्तरीय केंद्रीय कार्यालय का शुभारम्भ 22 मार्च को स्थानीय बटेरा तिराहे के पास (ऋषि हॉटल) में किया जा रहा है। भाजपा संगठन के विधानसभा स्तरीय केंद्रीय कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में प्रचार-प्रसार को गति प्रदान किया जायेगा। डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 270 बूथों में बूथ स्तरीय समितियों के माध्यम से संपर्क को गति प्रदान कर भाजपा प्रत्याशी को प्रत्येक बूथ पर बहुमत दिलाने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा।

### जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब-तब श्री हरि अवतार लेते हैं



**बालोद/निकुम।** ग्राम चीरचार में चल रही श्रीमद्भागवत पुराण में गुरुवार को चल रही कथा में कथावाचक पंडित रघुनंदन प्रसाद दुबे ने बताया कि जब जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब तब श्री हरि जन्म लेते हैं। जब प्रभु आनंद कंद भगवान का जन्म हुआ, तो भागवत पंडाल में श्रध्दालुगण नंद के आंनद भयो, जय कन्हैया लाल के भजन पर भक्ति में जमकर थिरके। बालस्वरुप कान्हा के दर्शन कर पुष्पवर्षा किए, बालस्वरुप के लीलाओं को बताते हुए कहा कि जिसका मन मक्खन की तरह होता है, उसका मन कन्हैया चुरा लेते है, उस जीव के मन से अंहकार का क्षय हो जाता है, प्रभु के अवतारो व बाललीला का कथा का वर्णन करते हुए पूतना वध कालिया मर्दन, यशोदा को संपूर्ण ब्रहाम्ण्ड का दर्शन अपने मुख में कराया। शंकटासुर का वंध सहित कई राक्षसों व पापी कंस का संहार किया। वहीं, कथा में 22 मार्च को कृष्ण रुखमणी विवाह होगी। परीक्षित स्वरुप गोविन्द्र राम व कमला बाई साहू, सरपंच चुकेश्वर साहू, प्रीति साहू, सुशील साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुच रहे है।

### आत्महत्या की कोशिश अस्पताल में महिला गंभीर

**भिलाई।** महिला ने अपने ही शरीर पर मिट्टी तेल उंडेल कर आत्महत्या करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है।घटना की जानकारी लगने पर महिला को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। महिला 90 प्रतिशत जलने से स्थिति गंभीर बनी हुई है।छावनी पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह सूचना मिलने पर सपना टाकीज के पास पुलिस पहुची। जहां पता चला कि हर्षा शर्मा नामक महिला स्वयं पर मिट्टी तेल उडेंलकर आग लगा ली। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। हर्षा की चिख पुकार सुनकर आसपास के लोग व परिजन तुरंत मकान के भीतर भागे। आग को किसी तरह बुझाकर घायल महिला को तुरंत सेक्टर 9 अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। जहां बर्न यूनिट में भर्ती कर खबर लिखे जाने तक उपचार किया जा रहा है। अस्पताल के डॉक्टरों ने परिजनों को बता दिया कि महिला की स्थित गंभीर बताई है।

### निधन

**प्रतिमा चंद्राकर**

**अंडा।** ग्राम अंडा गुड़ी चौक निवासी प्रतिमा चन्द्राकर पति डाकेश चंद्राकर उम्र 42 वर्षीय का 20 मार्च को निधन हो गया। वे वाहन चालक दिनेश चंद्राकर की भाभी थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

---

**आयोजन : विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही में किया गया मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन**

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरुक करने बनाई गई मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही के बैडमिंटन हॉल मैदान में आज विशाल मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री शमशाद बेगम, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीणों, महिलाओं एवं आम नागरिकों ने विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर आम लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान अतिथियों द्वारा नए एवं बुजुर्ग मतदाताओं के अलावा नव विवाहिताओं को सम्मानित कर उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई। इस अवसर पर अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा बैडमिंटन हॉल मैदान में स्थापित किए गए 'वचन मतदान का' फ्लैक्स में हस्ताक्षर कर सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार प्रयोग करने का वचन दिया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।






**मताधिकार अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी:चंद्रवाल**

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करना देश के प्रत्येक नागरिकों का अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाने के लिए देश के प्रत्येक नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले के प्रत्येक मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने में अपने अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

### स्टॉल में पौष्टिक भोज्य पदार्थों का किया अवलोकन

कलेक्टर चन्द्रवाल ने इस हर्बल गुलाल की सराहना करते हुए अधिकारियों को इसकी मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिथियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा स्टॉल में लगाए गए पौष्टिक भोज्य पदार्थों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम स्थल में मतदाताओं को ईव्हीएम का 'हैण्ड्सऑन' कराकर इसकी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### मताधिकार का उपयोग अवश्य करें : पद्मश्री शमशाद बेगम

इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम ने मताधिकार के प्रयोग को देश के प्रत्येक नागरिकों का अनिवार्य कर्त्तव्य बताते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता जागरूकता पर आधारित सुमधुर गीत की प्रस्तुति कर जिले के प्रत्येक नागरिकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया।

### मताधिकार के महत्व की दी जानकारी

चन्द्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों एवं ग्रामीण महिलाओं को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन–जन को मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करने के कार्य में महति भूमिका निभाने को कहा। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कार्यक्रम स्थल में महिला समूह के द्वारा स्वनिर्मित हर्बल गुलाल के स्टाल का अवलोकन कर महिलाओं से इसके संबंध में जानकारी ली। स्वसहायता समूह के महिलाओं ने पलाश एवं गुलाब आदि के फूल से इस गुलाल का निर्माण करने की जानकारी दी।


---

## 10वीं-12वीं की परीक्षा समाप्त चिंतामुक्त होकर होली की तैयारी



**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा समाप्त हो गई है। 1 और 2 मार्च से शुरू हुई बोर्ड परीक्षा 21 दिनों के भीतर समाप्त हो गई। वहीं अब विद्यार्थी परीक्षा की चिंता से दूर, होली त्यौहार मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। इस बीच माशिमं से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बहुत जल्द शुरू हो जाएगा। परीक्षा परिणाम की घोषणा सम्भवतः मई महीने में कर दी जाएगी।

## रंग-गुलाल व नगाड़ों की दुकानें सजीं....



**गुरूर।** रंगों के त्यौहार होली को केवल तीन दिन ही शेष रह गए हैं। नगर के साप्ताहिक बाजार सहित मुख्य मार्ग के किनारे व चौक चौराहों पर रंग गुलाल एवं पिचकारी की दुकानें सज चुकी हैं। नगर की दुकानों में ग्राहक उमड़ने लगे हैं। वहीं, दूसरी ओर नगाड़े की बिक्री भी शुरू हो गई है। छोटे–बड़े सभी प्रकार के नगाड़ों की बिक्री साप्ताहिक बाजार में खूब हो रही है।

## कांग्रेस भवन में हुआ होली मिलन समारोह

**बालोद।** गुरुवार को शहर में स्थित कांग्रेस भवन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा होली की रंग में रंगी नजर आईं। विधायक संगीता सिन्हा ने कांग्रेस के तमाम महिला कार्यकर्ताओं को रंग बिरंगी गुलाल लगाती नजर आईं। वहीं, महिला कार्यकर्ताओं ने भी भारी उत्साह के साथ होली खेली। आपको बता दें कि दो दिनों बाद ही रविवार को होलिका दहन होना है। वहीं, सोमवार को होली का त्यौहार है लेकिन त्यौहार के पहले ही लोगों में होली का रंग चढ़ने लगा है। अभी से लोग होली सम्मेलन जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित कर जमकर गुलाल उड़ा रहे हैं।



## शासकीय विद्यालय खैरा में शिक्षक हेमेंद्र ने कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खैरा के शिक्षक हेमेंद्र साहू को पुत्र रत्न प्राप्ति पर प्राथमिक और माध्यमिक शाला खैरा के बच्चों को न्यौता भोज कराया गया। चूंकि शाला में यह पहला आयोजन था, इसलिए शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम के सरपंच को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य रोहित देशमुख तथा सरपंच राधिका भुआर्य विशेष रूप से उपस्थित थे, तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेमलाल साहू, राजिंदर भुआर्य, सदस्य गण कमलेश्वरी साहू, नर्मदा निर्मलकर, रेखा पटेल, रेशमा गोरे, यामिनी भुआर्य, सीमा चन्द्राकर, टुमेश्वरी निर्मलकर,चम्पा भुआर्य, संस्था के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे, सुदामा गेंड्रे, लक्ष्मीकांत नेताम, केशव सिहारे,खेमन्त कुमार साहू,डोमार देशमुख,टिकेश्वरी हरदेल, बरखा साहू, असरफ खान, इंद्रजीत भुआर्य,बलिराम साहू,हुमन लाल, पीला बाई,तिला बाई का विशेष सहयोग रहा।

### युवक के सेना में चयन पर छलका उत्साह

**बालोद।** शहर के मरार पारा निवासी प्रेरणा नाग का जलसेना में चयन हुआ है। इसकी जानकारी परिवार को हुई तो परिवार में खुशी का माहौल बन गया। वहीं, गुरुवार को प्रेरणा नाग का शहर में स्वागत कर शहर में रैली निकाली गई। इसमें परिवार जनों सहित शहर के अन्य लोग भी शामिल हुए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने भी रैली में शामिल होकर प्रेरणा को बधाई दी और उन्होंने कहा कि प्रेरणा ने बालोद को गौरवान्वित कर बालोद वासियों को प्रेरित किया है।



## लोगों को बताए गए साइबर अपराध से बचने के उपाय

**बालोद।** साइबर प्रहरी जागरूकता अभियान के तहत बालोद पुलिस द्वारा ग्राम ओटेबंद में 03 दिवस तक चले रहे मेला उत्सव में पहुंचकर आम नागरिकों तथा छात्र, छात्राओं को वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।

■ चलाया साइबर प्रहरी जागरूकता अभियान

मोबाईल के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा पर्सनल डिटेल जैसे ओटीपी, बैंक एकाउंट नंबर, एटीएम कार्ड नंबर, अन्य डिटेल मांगने पर साझा नही करने साथ ही फ्राड कॉल धारक से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया गया। बालोद पुलिस ने बैंक डिटेल जैसे ओटीपी, बैंक एकाउंट नंबर, एटीएम कार्ड नंबर, अन्य डिटेल मांगने पर साझा नहीं करने की समझाइश दी। इसके ही साथ फ्राड कॉल से सावधान रहने, आनलाईन फ्राड जैसे बिजली बिल ऑनलाईन भुगतान, फोन पे, गुगल पे, पेटीएम में कैश बैक ऑफर, टावर लगाने के नाम पर, केबीसी लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, लोन एप्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, एटीएम कार्ड का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने की जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर कॉल करे या लिंक पर शिकायत करने के लिए बताया गया। इस दौरान साइबर स्टाफ आरक्षक योगेश कुमार गेडाम ने आम नागरिकों, छात्र, छात्राओं को पाम्पलेट वितरण कर साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। लोगों को साइबर प्रहरी व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ने के साथ ही इसके महत्व के बारे में बताया गया।



---

**अंडा थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक**

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली, हुड़दंग किया तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

थाना अंडा में होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंडा, चिंगरी, विनायकपुर, आमटी, मासाभाठ, निकुम, तिरगा, झोला, रुदा,खाड़ा, भोथली, आलबरस , जजंगिरी, कुथरेल, अछोटी, भानपुरी, मतवारी, चिरपोटी सहित थाना क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों के सरपंच शामिल हुए।

थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक ने कहा के दुर्ग कलेक्टर का आदेश का पालन करें। होली पर्व शांति व भाइचारे के साथ मनाएं। उन्होंने बैठक के माध्यम से उपद्रव मचाने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी हाल में बदमाशों को छोड़ा नहीं जाएगा।



होली के पहले सभी लोग अपने अपने गाँव में ग्रामीण बैठक कर लें और होली को शांति पूर्वक मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी पर रंग गुलाल जबरदस्ती ना लगाएं। होलिका दहन के दिन लकड़ी की जगह कंडे जलाएं। किसी के घर के बाहर रखी वस्तु पर किसी भी प्रकार का कोई तोड़फोड़ नहीं करना है। ऐसा करने वालों पर अपराध कायम किया जायेगा।

गाड़ी पर तीन सवारी नहीं चलें। मौखुटे का उपयोग न करें ध्वनि वाली वस्तु को भी दूर रखें। होली के दिन कोई भी जगह रस्सी के द्वारा रोड में वाहन को नहीं रोकना है, इससे कभी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। किसी भी प्रकार का कोई भी घटना अगर होती है, तो तत्काल पुलिस को कॉल करे।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से अंडा सरपंच उमादेवी चन्द्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर, रिसामा सरपंच गीता बैकुंट महानंद,जंजगिरी सरपंच रेखा अजय चतुर्वेदी,कुथरेल सरपंच प्रेरणा राजश्री प्रदीप चन्द्राकर,उप सरपंच लोमेश चंद्राकर, चिंगरी सरपंच पुष्पा देशमुख,आमटी सरपंच घनश्याम साहू,आलबरस सरपंच आशा देशमुख,निकुम सरपंच मुक्ति सुधाकर,तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख उपस्थित थे। साथ ही अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चन्द्राकर, डा पिलेश्वर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों व्यापारी, नागरिक एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं लोक न्यास का पंजीयक, गुरूर जिला बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-202310243100113 ब113(1) वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री महावीर मंदिर ट्रस्ट द्वारा सचिव श्री विवेक शर्मा निवासी ग्राम गुरूर जिला बालोद की ओर से अधिवक्ता श्री नारायण टुवानी के द्वारा अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीयन हेतु न्यासडीड 500 /- रूपये का गैर-न्यायिक स्टाम्प, पंजीयन शुल्क के रूप में 50 रूपये का चालान जमा कर छ.ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 4(1) अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त आशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था अथवा निकाय को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है, वह प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.04.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गुरूर में 11 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**
**(लोक न्यास का नाम और पता तथा संपत्ति का विवरण)**

**क्रमांक**- 01, **संस्था का नाम**-श्री महावीर मंदिर ट्रस्ट बाजार चौक गुरूर, तह. गुरूर जिला बालोद, **स्थान एवं पता**-बाजार चौक वार्ड नंबर 07 नगर पंचायत गुरूर तह. गुरूर जिला बालोद, **संपत्ति का विवरण**- **1.** ग्राम गुरूर, तहसील गुरूर जिला बालोद स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 109, 317 / 2, 356, 502, 604, 638, 739, 855/1, रकबा क्रमशः 0.29, 0. 05, 1.02, 0.07 0.33, 0.11, 0.06, 0.17 कुल खसरा नंबर 08 कुल रकबा 2.10 हे. कृषि भूमि । **2.** खसरा नंबर 739 में बनाया गया सामुदायिक भवन । **3.** निज महावीर मंदिर, सामुदायिक भवन इलेक्ट्रानिक में 05 ट्यूबलाईट, 05 पंखे एवं अन्य निर्माण ट्रस्ट की संपत्ति ।

आज दिनांक 13.03.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर

**पूजा बंसल**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**एवं लोक न्यास का पंजीयक**
**गुरुर, जिला बालोद (छ.ग.)**

खबर संक्षेप



## शहीद नारद की पुण्यतिथि पर कराया न्योता भोज

**बालोद।** ग्राम सिवनी में शहीद नारद निषाद की पुण्यतिथि पर प्राथमिक व मिडिल स्कूल के छात्र–छात्राओं को नेवता भोज के तहत पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त स्वादिष्ट भोजन व मिठाई खिलाई गई। वहीं, सिवनी देवतराई के कुल 250 बच्चे नेवता भोज में शामिल हुए। यह आयोजन समाज सेवी घनाराम साहू द्वारा शहीद नारद निषाद की पुण्यतिथि पर किया गया। इस मौके पर गंगा मैया स्व सहायता समूह के महिलाओं ने भी नेवता भोज कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान किया व प्राथमिक मिडिल स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका भी उपस्थित थे।

## शिकसा के आनलाइन कवि सम्मेलन में प्रतिभागियों ने किया कविता पाठ



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान शिकसा विराट कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अकादमी के संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में मोहित कुमार शर्मा, नेहा उपाध्याय, हेमराज निषाद, डॉ.प्रमोद कुमार आदित्य, सुनीता चौधरी, संध्या पाठक, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, हेमा चन्द्रवंशी, राजीव लोचन कश्यप, तारा बन्छोर, मोना रावत, मनोहर लाल यादव, कुसुम जैन, रामलाल कोसले, वाकेश्वरी साहू, गायत्री सोनी, ममता साहू, शकुंतला सहंश, गायत्री, हरमन कुमार बघेल, गीता उपाध्याय 'मंजरी', रुक्मिणी सिंग राजपूत, संध्या मौर्य, शोभा बेंजामिन, मिर्जा इशक बेग, पवित्रा गुप्ता, माधुरी करसाल मधुरिमा, निशा राबिनसन, निवेदिता वर्मा 'मेघा', रामकुमार पटेल, अनूप कुमार साहू, दुर्गा पाठक जोशी, आरती ठाकुर आदि ने अपनी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन देव प्रसाद पात्रे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन ने किया।

## प्रलेसं का विमोचन समारोह 23 को

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में 23 मार्च को शाम 4 बजे आमदी विद्या निकेतन हुडको के सभागार में व्यंग्यकार छगन लाल सोनी के व्यंग्य संग्रह मरना भी तो संडे को का विमोचन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अतिथि प्रमुख वक्ता वरिष्ठ समीक्षक प्रोफेसर जयप्रकाश होंगे। विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव हैं। वरिष्ठ व्यंग्यकार गुलवीर सिंह भाटिया और विनोद साव वक्ता होंगे।

### सियासत : मुक्ता आश्रम हथौद में हुआ भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# भोजराज ने कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा बालोद विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मुक्ता आश्रम हथौद में किया गया। सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। वहीं, इस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में जिला पंचायत सदस्य ललित पिमन साहू, जोगेंद्र नाथ योगी सहित सरपंच संघ व आम आदमी पार्टी के नेता व अन्य लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। सभा के बाद होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। साथ ही 21 मार्च प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार के 100 दिन पूरे होने पर सैकड़ों महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बालोद विधानसभा के चुनाव प्रभारी कृष्णकांत पावर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता है। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग के लोगों को लोकसभा की टिकट दी, लेकिन पहली बार बैगा आदिवासी पुजारी को टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए गलत काम करने वाली बुरी शक्तियों को भी ठीक करूंगा। श्री नाग ने कहा कि आज हमारे देश में सनातन धर्म को मानने वाले व भारतीय जनता पार्टी सर्व धर्म समभाव को साथ लेकर काम कर रही है। इससे प्रभावित होकर कांग्रेस के बड़े–बड़े नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां कार्यकर्ताओं में इतनी ऊर्जा देखकर मैं धन्य हो गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुनः सरकार बनाने के लिए कांकेर लोकसभा में उन्हें जीत दिलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़कें चमकने लगी हैं। पाररास, चैनगंज में ओवर ब्रिज सहित सैकड़ों विकास कार्यों को अंजाम दिया गया है। उन्होंने भी भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से कमर कस कर तैयार हो जाने का आह्वान किया।

### खेली गई फूलों की होली

मंचीय कार्यक्रम के बाद भाजपा के नेता व कार्यकर्ता नगाड़े की थाप पर फाग गीत पर जमकर थिरके। फूलों की होली खेली गई, उपस्थित सैकड़ों महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपा साहू के नेतृत्व में प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व में 100 दिन कार्य पूरे करने पर महतारी बंधन योजना एवं घोषणा पत्र के 14 वादे पूरे करने पर सैकड़ो महिलाओं का अक्षत तिलक लगाकर श्रीफल से सम्मानित किया।



### ये हुए भाजपा में शामिल



**बालोद।** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंच कर अनेक लोगों ने भाजपा का दामन थामा। जिला पंचायत की दो बार की सदस्य भाजपा नेत्री ललित पिमन साहू अपने समर्थक को में देवचरण सिन्हा, दशरथ ठाकुर, यादव राम यादव, गोविंद सिन्हा, जगन्नाथ सिन्हा, दयाल सिन्हा, गोपी लावत्रे, कृष्णा साहू, दयाराम सिन्हा, बलराम सेन, रामाधीन यादव, अशोक ठाकुर के साथ भाजपा प्रवेश किया।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सरपंच संघ के प्रदेश संयोजक लेखक चतुर्वेदी सरपंच कोलियामार, प्रदेश संगठन मंत्री अजय चतुर्वेदी सरपंच डोटोपार, आम आदमी पाटएँ युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पूनम चंद गंजीर, जिला महामंत्री लच्छू राम देश लहरे सरपंच दर्रा शामिल हुए। वहीं, बालोद नगर के प्रतिष्ठित प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगेंद्रनाथ योगी, जयराम निर्मलकर जिला महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ बालोद मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बालोद शामिल हुए तथा ग्राम अंगारी से जागेश्वर पटेल पूर्व सरपंच, संतोष सिन्हा वर्तमान ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, महादेव साहू, नारायण दास मानिकपुरी, गंगाधर साहू, सरजू वैष्णव ने भाजपा प्रवेश किया।


सभी प्रवेशकर्ताओं की ओर से जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस की पूर्व नेत्री ललिता पिमन साहू ने कहा कि मेरा पूरा परिवार भाजपा के सदस्य है। मैं अकेली कांग्रेस में थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के नेतृत्व में ईमानदार सरकार काम कर रही है। उनके साथ मिलकर राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### मोदी ने विश्व में भारत को दिलाया सम्मान : पवन

जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ईमानदार सरकार ने 10 वर्ष में देश को विश्व स्तर पर सम्मान दिलाया है। देश की जनता उन्हें पुनः प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, विधानसभा चुनाव सहसंयोजक यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, जिला मंत्री शरद ठाकुर, नरेश साहू, अंबिका यादव, अमित चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, कौशल साहू, वरिष्ठ नेता छगन देशमुख, नंदकिशोर शर्मा, नंदू ओझा, ईशा प्रकाश साहू, संतोष कौशिक सहित हजारों भाजपा पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक प्रभारी बहुत अध्यक्ष व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### देश के विकास का पहिया न रूके, इसलिए भोजराज की जीत जरूरी

लोकसभा संयोजक भारत मटियारा ने कहा कि केवल बालोद जिला ही नहीं, बल्कि कांकेर लोकसभा के सभी आठों विधानसभा क्षेत्र में मोदी की लहर है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को जिताने को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है। पूर्व नगर पालिका के राकेश यादव ने कहा कि श्री नाग ने एक सामान्य परिवार में पैदा होने के बाद उप सरपंच, सरपंच, जिला पंचायत, जिला अध्यक्ष, विधायक बनकर निर्विवाद रूप से जनता की सेवा की है। अब देश में श्री मोदी के विकास के रथ का पहिया न रुके, इसलिए भोजराज को प्रचंड बहुमत से कार्यकर्ता जीत कर संसद की सदस्यता जरुर दिलाएंगे।



### ललिता को पहले ही निलंबित कर चुकी है कांग्रेस : कोसमा

इस बीच जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रत्तिराम कोसमा ने कहा कि ललिता पिमन साहू पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त थीं, इसलिए उन्हें कांग्रेस से पहले ही निलंबित कर चुकी है। रही बात सैकड़ों कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने की, तो सच्चाई यह है कि भाजपा के लोगों को ही भाजपा में शामिल किया जा रहा है।





## कलेक्टोरेट के समीप पहुंचा जंगली सुअर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी में स्थित कलेक्टोरेट और तांदुला इको फ्रेंडली गार्डन के बीच जंगली सूअर को इधर-उधर दौड़ते देखा गया है। कुछ लोग वहां आ स पा स मौजूद भी थे, हा लां कि जंगली सुअर ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया।

- तांदुला इको फ्रेंडली गार्डन और कलेक्टोरेट के बीच कर रहा था भोजन की तलाश

मिली जानकारी के अनुसार जंगली सूअर भोजन की तलाश में इधर-उधर दौड़ रहा था। जिस जगह पर जंगली सूअर पहुंचा था, वहां सुबह से देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। क्योंकि तांदुला इको फ्रेंडली गार्डम बनने के बाद से यहां पर्यटकों की भीड़ अच्छी खासी बढ़ गई है, वहीं सुबह भी लोग मॉर्निंग वॉक के लिए इस जगह पर पहुंचते हैं। जंगली सूअर दिखने से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। हालांकि कुछ देर बाद वह भाग गया। लेकिन, इस क्षेत्र में पहुंचने वाले लोगों को अपनी खुद की सुरक्षा के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है, क्योंकि जंगली सूअर हो या अन्य जंगली जानवर का कोई क्षेत्र नहीं होता, वे जंगल के अलावा कभी भी रिहायशी इलाकों में या सड़को तक पहुंच जाते हैं, जबकि वन विभाग द्वारा अक्सर लोगों को जंगल की ओर जाने से मना करते हैं और चेतावनी के साथ ही सावधानी बरतने की भी अपील करते हैं, उसके बाद भी लोग जंगलों में जाते हैं।



### भालू व हिरण भी दिख चुके हैं

तांदुला इको फ्रेंडली गार्डन भी जंगल से लगा हुआ है, ऐसे में जंगली जानवरों को इस क्षेत्र में दस्तक देना आम बात है। इस क्षेत्र में भालू के अलावा हिरण सहित अन्य जंगली जानवर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं।

## धोबी समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस दौरान नवरात्र पर्व पर होने वाले नातिन धोबिन दाई मेले में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इसके साथ ही उन्हें रजक महोत्सव के आयोजन की भी जानकारी दी। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ आए विभिन्न जिला अध्यक्षों और क्षेत्रीय अध्यक्षों ने अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी धोबी जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि धोबी का कार्य केवल धोबी को ही मिले, इस पर दूसरी जाति के लोग डाका डाल रहे हैं, उस पर रोक लगाई जाए। समाज के लोगों ने समाज के वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक को निजी सचिव बनाए जाने पर मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज के लोगों की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि जो मांग जायज है, और अवश्य पूरी की जाएगी। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के साथ, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

- नातिन धोबिन दाई मेले में शामिल होने का दिया निमंत्रण



## पीएम श्री प्राथमिक शाला सम्बलपुर का डीईओ ने किया निरीक्षण



**डौंडीलोहारा।** 21 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शाला में बच्चों के स्तर की जांच की, जिसमें विशेष रूप से सभी कक्षाओं में हिंदी एवं अंग्रेजी विषयों का अवलोकन किया। बच्चों के द्वारा बिना झिझक के सवालों के उत्तर देने पर शाबाशी देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही पीएम श्री योजना के अंतर्गत शाला के रंग रोगन, पोषण वाटिका, नाडेफ, गार्डनिंग को देखकर कार्यों की सराहना की जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा न्योता भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनके लाभों के बारे में बताया गया। साथ ही शासन स्तर पर संचालित पीएम श्री स्कूलों के विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर प्रधानपाठक को आवश्यक निर्देश दिए।







